Parvatibai Chowgule College of Arts and Science
Autonomous
B.A. Semester End Examination, January 2022

Semester- I
Subject- Hindi
Title- हिन्दी कहानी एवं शब्द साधना (CORE)
Duration- 2hr
Max. marks- 40

सूचना- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. सभी प्रश्नों के समान गुण हैं।

प्र.1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में लिखिए। **(10)**

1. बड़े भाई साहब अपने छोटे भाई को क्यों डाँटता है?
2. श्रवण ओ.बी.सी. का प्रमाणपत्र किससे और क्यों बनवाता है?
3. ‘दिल्ली में एक मौत’ कहानी के उद्देश्य को संक्षिप्त में समझाइए।
4. ‘परदा’ उच्च वर्गीय इज्जत का प्रतीक क्यों है?

प्र.2. अ) ‘चीफ की दावत’ कहानी के माध्यम से बुजुर्गों के प्रति किए जाने वाले व्यवहार पर प्रकाश डालिए। **(10)**

अथवा

आ) ‘मलबे का मालिक’ कहानी देश विभाजन की त्रासदी का जीवंत दस्तावेज है’, कथन को स्पष्ट कीजिए।

प्र.3. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(10)**

1. “अब दोनों जातें हैं! मेरे भाग? तुम्हें याद है, एक दिन टाँगे वाले का घोड़ा दही- वाले की दुकान के पास बिगड़ गया था। तुमने उस दिन मेरे प्राण बचाये थे। आप घोड़े की लातों में चले गये थे और मुझे उठाकर दुकान के तख्त पर खड़ा कर दिया थ। ऐसे ही इन दोनों को बचाना, यह मेरी भिक्षा है। तुम्हारे आगे मैं आँचल पसारती हूँ।”

P.T.O.

2. “ मेरा मुँह क्या ताप रहे हो.. सुना नहीं क्या कि मुझे रुपये चाहिए पचास हजार! तय कर लिया है मैंने, मुझे बीच बजार में दुकान खोलनी है एक। शहर के एक-दो लोगों से बात भी कर ली है। वह तीन महिने की उधारी पर सामान देने को तैयार हैं.... ”

3. “बच्चे पिछले हफ्ते लगभग फाके- से थे। चौधरी कभी गली से दो पैसे की चौराई खरीद लाते, कभी बाजरा उबाल, सब लोग कटोरा-कटोरा भर पी लेते। बड़ी कठिनता से मिले चार रुपयों में से सवा रुपये खान के हाथ में धर देने की हिम्मत चौधरी को न हुई।”

4. “ वह मिसेज राठौर से आज की पत्र-पत्रिकाओं की बढ़ती हुई मसालेबाजी प्रवृत्ति को लेकर उलझ गयी। उनका कहना था की पत्र-पत्रिकाओं का अब एकमात्र-उद्देश्य बिक्री बढ़ाना, पैसा कमाना रह गया है, उन्हें मूल्यों से कोई मतलब नहीं! अखबार, जो किसी जमाने में जन-सामान्य कि अभिव्यक्ति का मंच हुआ करते थे, अब नहीं रहें। ”

प्र.4. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों में से <u>किन्ही पाँच</u> के उत्तर लिखिए। (10)

1. यौगिक शब्द को उदाहरणसहित समझाइए।
2. सम्प्रदान कारक को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
3. पर्यायवाची शब्द से तात्पर्य क्या है?
4. वर्तनी का प्रयोग क्यों किया जाता है?
5. **<u>किन्हीं दो</u> मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।**

   क) ऊँट के मुँह में जीरा   ख) अपनी खिचड़ी अलग पकाना

   ग) उँगली दिखाना   घ) लोहे के चने चबाना
6. **<u>किन्हीं दो</u> व्याक्यांशों को एक शब्द दीजिए।**

   क) जो बीत चुका   ख) अभी-अभी जन्म लेने वाला

   ग) जो लोगों में प्रिय हो   घ) रास्ता दिखाने वाला
7. **<u>किन्हीं दो</u> शब्द-युग्मों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

   क) छोटा- बड़ा   ख) कम से कम

   ग) कभी-कभी   घ) रहन-सहन

****